तापमान

अधिकतम 46.7 डिग्री
न्यूनतम 31.1 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, मंगलवार 18 जून 2024


गरीब व जरूरतमंदों को बांटे कंबल 11



प्रेम विवाह का खौफनाक अंत : पत्नी का गला घोंटकर हत्या 11




SELECTIONS - 2024

NEET 73 | JEE Advanced 43 | CLAT 39 | CA Foundation 15

Affiliated to CBSE

YADUVANSHI GROUP OF SCHOOLS

लगातार शानदार परिणाम देने वाले रेपुटिड स्कूल में फ्री पढ़ने का सुनहरी मौका

कक्षा 9वीं से 12वीं में पढ़ने वाले तथा 12वीं पासआउट विद्यार्थियों के लिए यदुवंशी शिक्षा निकेतन एक सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। सभी टॉप 10 बच्चों की हॉस्टल तथा ट्यूशन फीस जीरो होगी अर्थात् बिल्कुल फ्री !

Date of Test :

07 July 2024 (Sunday)



SUPERB 100 IIT/NEET/CA/CLAT

Register yourself for TEST

Test Centres:

YADUVANSHI SHIKSHA NIKETAN MAHENDERGARH, NARNAUL, GGN-92, HANSI, REWARI

i CAN DO

TEST में भाग लें और पाएं नि:शुल्क शिक्षा

Free for Classes

| | | |
|---|---|---|
| Class 9th | Top 10 | 4 Years |
| Class 10th | Top 10 | 3 Years |
| Class 11th (Medical) | Top 10 | 2 Years |
| Class 11th (Non-Medical) | Top 10 | 2 Years |
| Class 12th (Medical) | Top 10 | 1 Year |
| Class 12th (Non-Medical) | Top 10 | 1 Year |
| Class 11th CA Foundation | Top 10 | 2 Years |
| Class 12th CA Foundation | Top 10 | 1 Year |

for 12th pass out Students (Direct Entry who secored 80% and above Marks in Board Exams.

- NO Hostel Fee, NO School Fee
- 100% Free
- For 12th Above Passout students admission in under graduate courses also available FREE at degree College Yaduvanshi Mahendergarh & Narnaul.

*Separate paper for Medical/Non Medical/Commerce students.

EXAM DURATION: 10:00 am. to 11:30 pm.

Exam Pattern: MCQ 90 from concern Subject (English Medium Only)

*T & C Apply

यदुवंशी शिक्षा निकेतन

HOSTEL FACILITY AT MAHENDERGARH CAMPUS.

For Registration 9th to 12th and Droppers scan the QR Code or Call at 9053002451 | 9887407365 | 70153 17700

YADUVANSHI GROUP OF COLLEGES

यदुवंशी कॉलेज

CELEBRATING 29 YEARS OF EXCELLENCE

यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी




हर बार यदुवंशी सबसे आगे



तोड़े सारे रिकॉर्ड

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में सर्वाधिक अंक पाने वाली

98.60 %

शिवानी पुत्री श्री निरंजन सिंह

भारती पुत्री श्री शिव कुमार

98.40%



79 Students Above 90% | 149 Students Above 85% | 241 Students Above 80% | 351 Students Above 75% | 473 Students Above 70%

ADMISSION OPEN 2024-25

Course Offered

- B.Sc. (HONS): PHYSICS, CHEMISTRY, MATHEMATICS, BOTANY, ZOOLOGY
- B.Sc.: MEDICAL, NON-MEDICAL, COMP. SCIENCE, YOGA
- B.A., B.A. (HONS) ENGLISH, BBA, BCA
- M.Sc.: PHYSICS, CHEMISTRY, MATHEMATICS, ZOOLOGY, BOTANY, COMP. SCIENCE, GEOGRAPHY
- M.A.: ENGLISH, HINDI, HISTORY, POL. SCI., SANSKRIT, ECONOMICS
- M.Com., B.Com., B.Com (HONS)
- B.Sc. -B.Ed., B.A. - B.Ed. Four Years Integrated
- M.Ed., B.Ed., D.EL.Ed., B.P.Ed., D.P.Ed.

Coaching for Competitive Exam: IIT-JAM GAT-B NET/JRF SSC

B.Tech CSE, ECE, ME, CE, EE

M.Tech Polytech. ITI

CHAIRMAN'S SCHOLARSHIP

| FOR UG COURSES | | FOR PG COURSES | |
|---|---|---|---|
| 10+2% | SCHOLARSHIP | GRADUATION% | SCHOLARSHIP |
| 95% & Above | 50% | 90% & Above | 40% |
| 90.1 to 94.9% | 45% | 85.1 to 89.9% | 35% |
| 85.1 to 90% | 40% | 75.1 to 85% | 30% |
| 80.1 to 85% | 30% | 55 to 75% | 20% |
| 75.1 to 80% | 20% | Scholarship applicable for 3 years. (UG/PG) | |
| 60% to 75% | 20% | | |
| Single Scholarship will be applicable only. | | | |
| Fatherless/Real Brother-Sister for UG & PG | | | 20% |

विभिन्न कोर्सों में यूनिवर्सिटी की टॉप-10 मैरिट लिस्ट में यदुवंशी सबसे आगे.....

10/10 B.Sc. (Hons) Zoology (VI Sem.)
10/10 B.Sc. (Hons) Zoology (V Sem.)
09/10 B.Sc. (Hons) Zoology (III Sem.)
05/10 M.Sc. Chemistry (I Sem.)
05/10 B.A. (I Sem.)
05/10 B.Sc. (Hons) Zoology (I Sem.)
06/10 B.Sc. (Hons) Maths (I Sem.)
05/10 B.Sc. (Hons) Chemistry (V Sem.)
05/10 B.Com. (Hons) (V Sem.)

University की मैरिट लिस्ट के टॉप-10 में स्थान पाने वाले विद्यार्थी

| 1st Position | 2nd Position | 3rd Position | 4th Position | 5th Position | 6th Position | 7th Position | 8th Position | 9th Position | 10th Position | मैरिट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | 13 | 12 | 12 | 11 | 15 | 12 | 9 | 12 | 12 | 123 सबसे अधिक |



राव बहादुर सिंह
चेयरमैन, यदुवंशी ग्रुप एवं पूर्व विधायक

AC Hostel Facility for Boys & Girls | NSS Unit Available | Up to 50 Kms.

YADUVANSHI DEGREE COLLEGE Rewari Road, Narnaul 8607052323 | 8607052424

YADUVANSHI DEGREE COLLEGE Mahendergarh 8607062323 | 8607062424

RBS DEGREE COLLEGE Thanwas, N. Chaudhary 8607052424

TECHNICAL COLLEGES Narnaul - 8607052323 Sohali - 9728396599

EDUCATION COLLEGES Narnaul - 8222852523, Sohali - 9991904068, Dhani Mahu - 8949371674, M.Garh - 7056720275, Ch. Dadri - 7027135135

## खबर संक्षेप



### समर स्पेशल पुडिंग्स बनाने का प्रशिक्षण दिया

**रोहतक।** मदवि के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एण्ड् टूरिज्म मैनजमेंट (आईएचटीएम) में आयोजित किए जा रहे कूलनरी स्किल्स हॉबी क्लासेज में सोमवार को समर स्पेशल पुडिंग्स बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस कुलनरी स्किल्स विशेष सत्र में शेफ देविना ने प्रतिभागियों को आम से बनाए जाने वाली मैंगो पुडिंग बनाना सिखाया। शेफ देविना ने बताया कि ये डिश स्वास्थ्य उपयोगी है। इसमें आम के साथ-साथ पिस्टेचियो भी डाला जाता है। शेफ देविना ने बोर्नविटा कस्टर्ड पुडिंग बनाना भी सिखाया।



### मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**रोहतक ।** मांगों को लेकर दक्षिण रेलवे के लोको रनिंग स्टाफ ने ड्यूटी के दौरान काले बिल्ले लगाकर अपना विरोध प्रकट किया। कर्मचारियों ने कहा कि साइन ऑन से साइन ऑफ तक कुल ड्यूटी घंटे 10 घंटे होने चाहिए, सतत रात्रि ड्यूटी केवल 2 रातों तक सीमित की जाए, मुख्यालय से अनुपस्थिति 72 घंटे के बजाय अधिकतम 48 घंटे होनी चाहिए।



### आउटरिच गतिविधियों को लेकर किया मंथन

**रोहतक।** मदवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सोमवार को विश्वविद्यालय आउटरिच की गतिविधियों को प्रभावी बनाने तथा सामुदायिक एवं सामाजिक उत्थान की ओर आउटरिच को उन्मुख करने के लिए संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। कुलपति ने डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप, निदेशक यूनिवर्सटी आउटरिच प्रो. अंजु, परामर्शदाता आउटरिच प्रो. राजकुमार से यूनिवर्सटी आउटरिच बारे मंथन किया।

### ताला तोड़कर मकान पर कब्जा करने का आरोप

**बहादुरगढ़।** लाइनपार क्षेत्र में एक मकान पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर मकान मालिक को धमकी मिली है। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की हकीकत तफ्तीश का विषय है। मामला छोटूराम नगर का है। मांडोठी के निवासी शमशेर सिंह का कहना है कि करीब चार महीने पहले उसने छोटूराम नगर में 40 गज का मकान खरीदा था। मेरे इस मकान का चंद दिनों पहले छोटूराम नगर की एक महिला ने ताला तोड़ दिया और अपना सामान रखकर कब्जा कर लिया है। मैंने उससे सामान निकालने, कब्जा छोड़ने के लिए कहा तो वह नहीं मानी।

## माडल टाउन में गुरमत समर कैंप संपन्न

# भानी ग्रुप अव्वल तो सुलखनी द्वितीय रहा

### कैंप के आखिरी दिन गुरमत कंपटीशन का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गुरुद्वारा श्री गुरु कलगीधर सिंह सभा माडल टाउन सोनीपत में सोमवार को गुरमत समर कैंप का समापन हुआ। गुरमत प्रचार सुखमनी सेवा समिति की सदस्यों द्वारा यह कैंप 3 जून को आरंभ किया गया था। 150 बच्चों ने इस कैंप में हिस्सा लिया। कैंप में गुरमत प्रचार सुखमनी सेवा समिति के सदस्य द्वारा बच्चों को पंजाबी लिखना व पढ़ना सिखाया गया। बच्चों को गुरु नानक देव व अन्य सिख गुरुओं के जीवन के बारे में बताया गया।

आज कैंप के आखिरी दिन बच्चों में गुरमत कंपटीशन कराया गया। जिसमें बीबी भानी ग्रुप के बच्चे प्रथम आए। माता सुलखनी व बीबी वीरों ग्रुप के बच्चे द्वितीय व तृतीय आए। सभी बच्चों का समृति चिन्ह भेंट किए गए। इस समर कैंप में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का विशेष सहयोग रहा। गुरुद्वारा साहब के प्रधान सरदार मंजीत सिंह ने गुरमत प्रचार सुखमनी सेवा समिति की सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। गुरमत प्रचार सुखमनी सेवा समिति की सदस्य अमरजीत कौर, अमनप्रीत कौर, गुरवीन कौर, जसप्रीत कौर, अरविंदर कौर, राजेंद्र कौर, गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सदस्य हरदीप सिंह सूरी, चरणजीत सिंह, अजीत सिंह भाटिया, राजेंद्र सिंह, मनमोहन सिंह, हरजीत सिंह आदि उपस्थित रहे। समाप्ति उपरांत गुरु का लंगर बरताया गया।



सोनीपत। विजेताओं के साथ प्रबंध समिति के सदस्य। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। विद्यार्थियों के साथ कलाकार एवं अध्यापगण। फोटो :हरभूमि

### बच्चों को सिखाई मृदाकला

**सोनीपत।** हरियाणा के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के प्रयासों से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी ब्राह्मणान में ग्रीष्मकालीन कैंप /"टाबर उत्सव/" का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में मृदाकला सिखाई जा रही है। कलाकारों में मुख्य कलाकार सीता व सह कलाकार गायत्री ने बच्चों को मिट्टी से मानव आकृतियां बनाना सिखाया। शिविर की संयोजक डा. सुनीता ढूंल ने बताया कि टाबर उत्सव मे विद्यार्थियों को लुप्त होती मूर्ति कला के साथ बच्चों को मिट्टी, प्लास्टर ऑफ पेरिस, वॉल पुट्टी व अन्य वेस्ट मटेरियल से कलात्मक वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# पचपन लोगों ने किया रक्तदान

- भगवान परशुराम चौक पर भागराम ट्रस्ट ने साप्ताहिक शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते हुए अतिथि व ट्रस्ट के प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि

भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में सोमवार को 55 लोगों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। यह रक्तदान शिविर शहर में सोनीपत मोड स्थित भगवान परशुराम चौक में आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता समाजसेवी उषा गगनेजा ने की और संयोजन नेत्रदान और रक्तदान को समर्पित गोहाना की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था आहुति के संयोजक सुरेंद्र विश्वास का रहा। भागराम ट्रस्ट द्वारा सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को शहर में भगवान परशुराम चौक में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। इस बार भी चौक में आयोजित शिविर में 2 महिलाओं संग 55 लोगों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। मुख्यातिथि क्राइम ब्रांच गोहाना में एएसआई सुशील कुमार ने 5वीं बार रक्तदान किया। शिविर में दो महिला रक्तदाता मुनिया और आशा रानी ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला। इनके अलावा पारीवारिक रक्तदाताओं में नवीन ने दूसरी बार व बहन सोनू ने दूसरी बार रक्तदान किया। नियमित रक्तदाताओं में देवेंद्र, जितेंद्र, अंकित लठवाल, विशाल, अमित, सतीश, राकेश, ईश्वर सिंह, पारस, उज्ज्वल, हरविंद्र और राजेश ने रक्तदान किया।

## पंछियों के लिए की दाना-पानी की व्यवस्था



**गोहाना।** युवा शक्ति संगठन ने हर वर्ष की तरह इस बार भी निर्जला एकादशी के दिन पंछियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की। इस सेवा में संगठन के सदस्यों ने मकानों की छतों पर पंछियों के लिए मिट्टी के कसोरों में दाना और पानी रखा। मार्गदर्शन संगठन के अध्यक्ष प्रमोद भारती का रहा। संगठन की टीम द्वारा गणेश मार्केट, सराफा बाजार और पुरानी अनाजमंडी में मकान की छतों पर पंछियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की ताकि उनको गर्मी में भूख और प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े। इस सेवा में संगठन अध्यक्ष प्रमोद भारती, डॉ. सुनील, मोहित जैन, पंकज कुमार और धर्मवीर का विशेष योगदान रहा। संगठन द्वारा गर्मी के मौसम में हर साल पंछियों के लिए यह सेवा की जाती है जो समाज के लिए किसी प्रेरणा से कम नहीं है। फोटो:हरिभूमि

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त आज होगी जारी, धरतीपुत्रों को मिलेगी राहत

- विभाग की तरफ से जिलास्तर पर आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 17वीं किस्त जारी होने का इंतजार कर रहे किसानों के लिए राहत की खबर है। मंगलवार को केन्द्र सरकार द्वारा किसानों को किस्त जारी कर दिया जायेगा। योजना का लाभ लेने वाले किसानों के खाते में सीधे तौर से राशि को डाल दिया जायेगा। कृषि विभाग द्वारा पोर्टल पर 76 हजार 600 किसानों का स्लॉट ओपन कर दिया गया है। उक्त किसानों के खातों में ही किस्त पहुंच पाएंगी। कृषि विभाग द्वारा किसानों ने बचे हुए किसानों का आह्वान किया है कि वह अपनी ईकेवाईसी जरूर करवाएं। ताकि योजना का लाभ लेने में किसी प्रकार की परेशानी किसानों का न होने पाएं। बता दें कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना शुरू की है। योजना के तहत किसानों को सालाना 6 हजार रुपए की आर्थिक सहायता 2-2 हजार की तीन किस्तों में उपलब्ध करवाई जाती है। 16वीं किस्त फरवरी माह में भेजी गई थी। वहीं अब खरीफ सीजन की शुरूआत हो चुकी है, ऐसे में नई सरकार के गठन के बाद 17वीं किस्त मंगलवार को जारी की जाएगी। वहीं 17वीं किस्त जारी होने पर सोनीपत कृषि विभाग मंगलवार को पंचायत भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन करेगा। जिसके अंतर्गत जिले के करीब 500 किसान कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के किस्त हस्तांतरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया जाएगा।

**जिले में 15 हजार किसानों की ईकेवाइसी पेडिंग:** जिल कृषि अधिकारी डा. पवन शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ उन्हीं किसानों को प्राप्त होगा, जिन्होंने अपनी ईकेवाईसी करवाई हुई है। सोनीपत जिले में योजना से 1 लाख 1 हजार 84 किसान जुड़े हुए है। इनमें से करीब 15 हजार किसानों की ईकेवाईसी पैंडिग पड़ी हुई है। इसके अतिरिक्त करीब 3 हजार किसानों की लैंड वेरिफिकेशन भी अधूरी पड़ी हुई है। सोनीपत जिले में करीब 3 हजार ऐसे किसान भी है, जिनकी मृत्यु होने के बाद उनका नाम योजना से हटा दिया गया है। कृषि विभाग ने किसानों को ईकेवाईसी करवाने के लिए किसानों को लगातार प्रेरित कर रहा है। इसके लिए ब्लाक स्तर पर टीमों का गठन भी किया गया है।

# राज माता को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

## जीजाबाई कुशल घुड़सवार, रणनीतिकार, कूटनीतिज्ञ और तलवारबाज थी

- अपनी मां से मिले गुणों से ही शिवाजी बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। राज माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते नागरिक। फोटो : हरिभूमि

ये अपनी मां राज माता जीजा बाई से विरासत में मिले गुण ही थे जिनकी बदौलत शिवाजी महाराज बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी बने। सोमवार को यह टिप्पणी आजाद हिंद देशभक्त मोर्चे की जिला कार्यकारिणी के सदस्य रमेश मेहता ने की। रमेश मेहता शहर के मेन बाजार स्थित अलावाधी चौक में राज माता की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। मुख्य वक्ता रमेश मेहता ने कहा कि जीजाबाई कुशल घुड़सवार, रणनीतिकार, कूटनीतिज्ञ और सिद्धहस्त तलवारबाज थीं। उन द्वारा बाल्यकाल में सुनाई शौर्य और समर्थ गाथाओं ने बालक शिव को छत्रपति शिवाजी बना दिया। आजाद सिंह दांगी ने कहा कि राज माता का जीवन अटूट देशभक्ति और समर्पण के भाव की जीती-जागती मिसाल था। हरीश अलावाधी, कश्मीरी लाल बावा, अनुज आहूजा, हरीश कुमार, गौरव बावा, तिलक राज, किताब सिंह, कृष्ण आदि मौजूद रहे।

# पीपीपी की त्रुटियों के लिए लग रहे शिविर



बहादुरगढ़। कैंप में पीपीपी की त्रुटियां दुरुस्त करती टीम। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के विभिन्न वार्डों के साथ ही गांवों में भी परिवार पहचान पत्रों की त्रुटियों को ठीक करवाने के लिए लगातार कैंप लग रहे हैं। शहर के लाइनपार स्थित सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद धर्मशाला में भी सोमवार को पीपीपी की त्रुटियां ठीक करने के लिए शिविर लगाया गया। इसमें अध्यापिका रेखा और पूनम ने सीएससी ऑपरेटर सुमित की सहायता से गलतियां दुरुस्त की। धर्मशाला के प्रधान प्रवीण शर्मा और महासचिव सतीश शर्मा ने सरकार के इस सुधार शिविरों की सराहना की।

# समस्याओं के समाधान की मांग दोहराई

- कर्मबीर राठी ने सभी समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कर्मबीर राठी को मांग पत्र सौंपते सेक्टर-6 निवासी। फोटो :हरिभूमि

शहर के सेक्टर-6 निवासियों ने सोमवार सुबह पूर्व चेयरमैन कर्मबीर राठी के समक्ष स्थानीय समस्याओं का पिटारा खोला और इनके समाधान की मांग दोहराई। सेक्टर-6 के पार्क नंबर-12 में पहुंचे कर्मबीर राठी से लोगों ने कहा कि यहां बैठने के लिए 25 बेंच रखवाए जाएं, एक और छतरी की व्यवस्था की जाए, 50 पौधे और ट्री गार्ड लगाए जाएं, 6 फुट चौड़ा आरसीसी का फुटपाथ बनवाया जाए, 4 कूड़ादान रखवाए जाएं, दीवार की मरम्मत कर रंग रोगन का करवाया जाए, सोलर लाइट की मरम्मत की जाए, अतिरिक्त झूले लगाए जाएं, लेवल करके घास लगवाई जाए, पत्थर की टेबल लगवाई जाए और ओपन जिम की सभी मशीनों की मरम्मत करवाई जाए। चेयरमैन सरोज राठी के प्रतिनिधि के रूप में कर्मबीर राठी ने सभी समस्याओं का समाधान करवाने तथा अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर नरेश, सहदेव दहिया, राजकुमार, देवेंद्र धनखड़, पीएस सभरवाल, महेश कुमार व दीपक आदि मौजूद रहे।

### शिविर में शिकायतों का हो रहा प्राथमिकता से निपटारा

**झज्जर।** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि समाधान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। अभी तक आयोजित हो चुके पांच शिविरों में 494 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत को शिकायतकर्ता की पीपीपी आईडी, संबंधित विभाग और शिकायत के विवरण के साथ दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। नीतिगत मामलों से जुड़ी शिकायतों को स्पष्ट रूप से चिह्नित किया जा रहा ताकि नियमानुसार उन पर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि पीपीपी, राशन कार्ड, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, पुलिस विभाग व नगर परिषद से जुड़ी समस्याओं, पंचायती राज या फिर किसी अन्य विभाग की समस्या हो तो वह शिविर में लाई जा सकती है।




# तीन वर्ष पूर्व पुलिस हिरासत से फरार बदमाश क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ा

## आरोपित राधे श्याम त्रिनगर का रहने वाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने पुलिस हिरासत से भागे भगौड़े अपराधी को गिरफ्तार किया है। एंटी एक्सटॉर्शन एंड किडनैपिंग सेल की टीम के हत्थे चढ़ा यह बदमाश पांच मामलों में वांछित था। तीन में इसे भगौड़ा घोषित किया जा चुका था। आरोपी राधे श्याम त्रिनगर का रहने वाला है। इसके खिलाफ हौजखास थाने में भी केस दर्ज था। पुलिस के मुताबिक आरोपी राधे श्या पर बलात्कार, धोखाधड़ी-जालसाजी और पुलिस हिरासत से भागने सहित कुल आपराधिक मामले दर्ज थे। आरोपी 8 सितंबर 2021 को उस समय पुलिस हिरासत से फरार हो गया था जब इसे एम्स में इलाज के लिये ले जाया गया था। उस समय यह ग्रेटर कैलाश थाने के पुलिस कर्मियों की हिरासत में था। इस मामले में कोर्ट ने इसे पीओ घोषित किया गया था। हाल ही में मुखबिरों से इसके बारे में जानकारी पुलिस को मिली थी। इसके बाद गेट नंबर तीन, सेंट स्टीफन अस्पताल, तीस हजारी से इसे दबोचा गया। 42 वर्षीय आरोपी 10वीं कक्षा तक पढ़ा है।

### लेनदेन के विवाद में साली की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में एक व्यक्ति ने लेनदेन के विवाद में अपनी साली को गोली मार दी। वारदात रविवार दोपहर सामने आई। गंभीर हालत में महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था जहां सोमवार सुबह उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को वारदात के कुछ घंटो बाद ही गिरफ्तार कर लिया। मृतका का नाम नीतू बताया गया है। वहीं आरोपी का नाम सचिन कुमार है। डीसीपी जितेंद्र कुमार मीना ने कहा कि सचिन और नीतू के बीच पैसों का विवाद था। सचिन को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## परिजनों ने समाजहित में किया सराहनीय कार्य

# 105 वर्षीय डॉ. रामकृष्ण का देहदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

पटेल बस्ती गोहाना निवासी 105 वर्षीय डॉ. रामकृष्ण अग्रवाल का उसके परिवार द्वारा देहदान करवाया गया। नेत्रदान और रक्तदान को समर्पित समाजसेवी संस्था आहुति के सहयोग से बुजुर्ग व्यक्ति की पार्थिव देह को खानपुर कलां गांव स्थित भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज में दान किया गया।

डॉ. रामकृष्ण अग्रवाल के निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को श्मशान घाट ले जाया गया। वहां पार्थिव शरीर को एक बार चिता पर लेटाकर वापस उठा कर एंबुलेंस में रख लिया गया और पार्थिव देह के स्थान पर उनके पुतले को चिता पर रखा गया। शरीर के अंश के रूप में उनके सिर के कुछ बाल और नाखुन पुतले के साथ चिता की अग्नि में समर्पित किए गए। बुजुर्ग व्यक्ति के परिजनों ने पार्थिक देह को आहुति के सदस्यों के साथ महिला मेडिकल कॉलेज में एनाटोमी विभाग में डॉ. भूमिका की टीम को सौंप दिया। कालेज में स्व. डॉ. कृष्णलाल का देहदान करने के लिए पुत्र प्रमोद गोयल, पौत्र दिव्यांशु गोयल, आहुति से प्रसिद्ध समाजसेवी सुरेंद्र विश्वास और राकेश गंगाना साथ गए। इस पर बुजुर्ग के परिजनों में पुत्र और पुत्रवधू कृष्ण कुमार व मीरा, मनोज व रचना गोयल, शशिकांत व संगीता, बेटी और दामाद उर्मिला पत्नी स्व. भगवान दास और श्यामलता पत्नी सुंदर मंगल सहित अन्य परिजन मौजूद रहे। इस पुनीत कार्य में आहुति की टीम में सन्नी निरंकारी, राकेश गंगाना, शशि गोयल, संजय मेहंदीरत्ता, दीपक मखीजा और राहुल गोयल पूरा समय साथ रहे। विशेष सहयोग महिला मेडिकल कालेज से राजेश और कृष्ण कुमार का रहा।




गोहाना। स्वॅ. डॉ. रामकृष्ण अग्रवाल के पार्थिव शरीर के साथ परिजन। फोटो : हरिभूमि

**खबर संक्षेप**



गोहाना। प्रियंका मलिक को अवार्ड देते हुए अतिथि व मंच के प्रतिनिधि।

### प्रियंका को राष्ट्रीय योग रत्न शिक्षक अवार्ड से नवाजा

**गोहाना।** खानपुर कलां गांव की प्रियंका मलिक को राष्ट्रीय योग रत्न शिक्षक अवार्ड से नवाजा गया है। उनको ए कैटेगरी में यह अवार्ड मिला है। प्रियंका मलिक जिला सोनीपत की योगा सचिव हैं। वे गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल में योगा कोच भी हैं। उनको यह सम्मान मिलने पर उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। मानवीय निर्माण मचं भारत द्वारा फरीदाबाद के सेक्टर 17 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्तरीय योग रत्न शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अभिनेता एवं थिएटर निमार्ता राहुल भूचर और विशिष्ट अतिथि सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश रहे।

### ईंटों के चट्टे पर सो रहा बेलदार गिरने से घायल

**खरखौदा।** गांव खांडा के एक ईंट भट्ठे पर ईंटों के चट्टे पर सो रहा बेलदार हांसी निवासी सन्नी नीचे गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा इस मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### बालक नाथ मंदिर में भंडारा किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव कवि में योगी राज बाबा बालक नाथ मंदिर में वार्षिक धार्मिक भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा महावीर नाथ ने की। जबकि भाजपा के जिला महामंत्री रोशन लाल माहला, डॉ.रामस्वरूप सिंह, पंडित सोमदत्त और टेकराम मराठा मुख्य अजमान के रूप में मौजूद रहे। रोशन लाल माहला ने कहा कि भारत में ही सबसे पहले मानव सभ्यता और संस्कृति का विकास हुआ।

### एनसी कॉलेज में रक्तदान पखवाड़ा

**इसराना।** एनसी कॉलेज के एडिशनल मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ.संतलाल वर्मा, कॉलेज के वर्ल्ड सेंटर इंचार्ज डॉ. सचिन चौहान व बीटीओ ब्लड सेंटर डॉ. दीर्घा सिंह ने उपस्थित लोगों को ब्लड डोनेट के बारे में जानकारी दी व उनको जागरूक किया व सभी को ब्लड डोनेट करने की शपथ दिलाई।

## राजीव वर्मा ईदगाह कॉलोनी में स्थित मस्जिद में ईद उल अजहा की मुबारकबाद देने पहुंचे

# ईद उल अजहा कुर्बानी का त्योहार : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा एडवोकेट अपने दल बल के साथ ईदगाह कॉलोनी में स्थित मस्जिद में मुस्लिम भाइयों को ईद उल अजहा की मुबारकबाद देने के लिए पहुंचे। जहां पर मुस्लिम समाज के लोग थे जो की ईद उल अजहा की नमाज अदा करने के लिए आए हुए थे। इनको संबोधित करते हुए राजीव वर्मा जी ने कहा कि ईद उल अजहा का त्यौहार कुर्बानी (त्याग) का त्योहार है और सभी को अपने बच्चों को तालीम आफता बनाने के लिए हर संभव त्याग करने के लिए तैयार रहना चाहिए। सभी त्योहार प्यार मोहब्बत के त्योहार होते हैं और सभी को मिलजुल कर हर एक त्योहार को मनाना चाहिए। मुसलमानों को हिंदुओं की होली और दिवाली में शामिल होना चाहिए और हिंदुओं को मुस्लिम त्यौहार में सम्मिलित होकर खुशी मनानी चाहिए। इस देश में धर्म के नाम पर नफरत फैलाने वालों की दुकान बंद हो पाएगी और देश में अमन, शांति कायम हो पाएगी। राजीव वर्मा के साथ उनके साथी प्रवीण नागर (एडवोकेट), देवेंद्र वर्मा, प्रेम सिंह चौहान, प्रमोद राठी, विशाल चौहान, नईम प्रधान (ईदगाह) अयूब खान आदि सभी मौजूद रहे।

# पारंपरिक तरीके से मनाया त्योहार

## मस्जिदों व ईदगाहों में सुबह 6 से 8 बजे तक की गई नमाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ नमाज अदा करने के बाद देश में अमन, एकता की दुआ की

जिलाभर में सोमवार को ईद उल जुहा (बकरीद) का पर्व उत्साह, शांतिपूर्ण व पारंपरिक तरीके से मनाया गया। मुख्य नमाज मस्जिदों व ईदगाहों में सुबह 6 से 8 बजे के दौरान अदा की गई। नमाज अदा करने के बाद देश में अमन, एकता व खुशहाली के लिए दुआ की गई। नमाजियों ने एक-दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दी। ईद उल जुहा की नमाज के लिए जिला पुलिस व प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कुंडली स्थित नूरानी मस्जिद में सुबह 6 बजे, सोनीपत स्थित मामा भांजा मस्जिद में सुबह 8 बजे, रसोई स्थित मदीना मस्जिद में सुबह 7 बजे, कुंडली स्थित फातिमा मस्जिद में सुबह 7:30 बजे, नांगल कलां मस्जिद में सुबह 7:15 बजे, ईदगाह मस्जिद में सुबह 8 बजे नमाज अदा की गई। ईद-उल-जुहा को लेकर पुलिस द्वारा सुरक्षा कड़ी की गई। सोमवार को बकरीद को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध रहे। मस्जिद, ईदगाह व शहर के चौक-चौराहों पर पहले से ही सुरक्षा कर्मी तैनात रहे। वहीं ईद उल जुहा पर्व पर बकरों के भाव आसमान छूते दिखाई दिए। करीब 15 दिन पहले 10 हजार में बिकने वाला बकरा बकरीद पर 20 से 35 हजार रुपये तक का बिका। खरीदारों ने बकरों की जमकर खरीदारी की और परंपरा को निभाया।

### दुकानदार से मांगी मंथली इनकार करने पर पीटा

**गोहाना।** बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि मंथली न मिलने पर दुकानदारों को उन्हीं की दुकानों में घुस कर पीटने लगे हैं। बरोदा रोड पर प्लाईवुड का कारोबार करने वाले एक व्यापारी का आरोप है कि एक बदमाश ने उसकी दुकान में घुस कर उससे सरेआम मंथली मांगी तथा इंकार करने पर उसे बुरी तरह से पीटा। सीसीटीवी कैमरे में कैद वारदात सोशल मीडिया पर दिनभर ट्रेंड करती रही। पुलिस ने नामजद आरोपी समेत उसके अज्ञात साथियों पर केस दर्ज कर लिया। पंकज कौशिक पुत्र राजकुमार कौशिक की बरोदा रोड पर कौशिक प्लाईवुड नाम से शॉप है। दुकानदार का कहना है कि वह घर पर नोट गिन रहा था। तभी उक्त आरोपी ने दुकान में घुस कर उसे कहा कि मुझे सब मंथली देते हैं। तुम क्यों नहीं देते? पंकज कौशिक का कहना है कि उसने आरोपी से कहा कि तुम मार्कीट के दादा हो क्या। इस पर आरोपी ने धमकी दी कि सीधे-सीधे मंथली देता है या तुझे गोली मारनी पड़ेगी।

# भाजपा में सभी कार्यकर्ता होते है : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। भाजपा युवा नेता देवेंद्र कादियान कार्यकर्ताओं की बैठक में लोगो का आभार व्यक्त करते हुए। फोटो :हरिभूमि

किसी भी पार्टी की रीढ़ उसके कार्यकर्ता ही होते है। कार्यकर्ता के बदौलत ही पार्टी सत्ता हासिल करती है। आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा पार्टी कार्यकर्ता एक जुट होकर मेहनत करेंगे तो निश्चित तौर पर केंद्र की तर्ज पर प्रदेश में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। ये बातें भाजपा युवा नेता देवेंद्र कादियान ने लोस चुनाव के बाद शहर के रेलवे रोड स्थित चिराग गार्डन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मान समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि लोस चुनाव में कहां कमी रह गई थी, आगामी विधानसभा चुनाव में किस तरह बड़े मार्जिन से जीत हासिल कर सकते है। सबसे पहले बूथ मजबूत करने की जरूरत है। साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को उन लोगों तक पहुंचाने की बात कही, जो पात्र है लेकिन योजनाओं से अंजान है। पार्टी में कोई नेता नहीं बल्कि सभी कार्यकर्ता होते है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी एक कार्यकर्ता की भांति कार्य करते है और उनसे प्रेरणा लेकर भाजपा के सभी कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के मूलमंत्र के साथ लोगों की सेवा में जुटे हुए रहते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आज वैश्विक स्तर पर एक अलग पहचान बनी है। भारत जल्द ही विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। इस अवसर पर सुभाष सरोहा, राजेन्द्र, प्रदीप नांदल, संजय गोतम, सुखबीर प्रजापत, शकुंतला राठी, राम कुवार प्रजापत और शमशेर सैनी आदि मौजूद रहे।

### उधार में सामान न देने पर किया हमला

**खरखौदा।** फरमाना गांव में दुकानदार ने उधार में सामान देने से मना किया तो एक युवक ने कस्सी मार कर उसे घायल कर दिया। दुकानदार को घायल अवस्था में खरखौदा के सरकारी अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। विकास ने फरमाना गांव में परचून की दुकान की हुई है। सोमवार शाम को करीब 4 बजे गांव का युवक प्रदीप दुकान पर ठंडा लेने के लिए आया। उसने दुकानदार को ठंडा उधार में देने की बात कही तो दुकानदार ने उसे ठंडा देने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर प्रदीप ने विकास को गुस्से में आकर उसे कस्सी मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर अवस्था में उसे खरखौदा के सरकारी अस्पताल लाया गया।

# गरीब व जरूरतमंदों को बांटे कंबल

■ कांग्रेस नेता सुरेश त्यागी ने यमुना नाथ महाराज से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। एकादशी के उपलक्ष में कांग्रेस नेता सुरेश त्यागी जरूरतमंदों में साधु संतों को कंबल वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

जेठ की एकादशी व दशहरा के उपलक्ष में यमुना के पबनेरा घाट पर कांग्रेस के नेता सुरेश त्यागी ने जेठ माह में अग्नि तपस्या कर रही यमुना नाथ महाराज से आशीर्वाद लिया और 170 गरीब व जरूरतमंद लोगों को अपनी तरफ से कंबल वितरित किए। गांव में पहुंचने पर बेगा गांव के पूर्व सरपंच राजेंद्र के नेतृत्व में ग्रामीणों ने स्वागत करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्य की सराहना की। कांग्रेस नेता सुरेश त्यागी नगर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि एकादशी व्रत के दिन दान-पुण्य को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। इससंसार में जन्म लिए हुए हर व्यक्ति को जितना हो सके गरीब की मदद करनी चाहिए। गरीबी अभिशाप नहीं है। गरीब लोगों के मन में भी वही है जो हम सबके मन में है। ऐसे लोगों की सहायता करने से उन्हें भी खुशी मिलती है। अपने लिए हर इंसान जीता है लेकिन जो दूसरों के लिए जीता ही उसे ही असल में जिंदगी कहते हैं। लोगों की मदद करना हर पल उनके साथ खड़ा रहना इसी का नाम जिदगी है पूर्व सरपंच राजेंद्र ने कहा कि गांव में तपस्या कर रहे संत का आशीर्वाद लेने के लिए वे यहां पहुंचे थे और उन्होंने गरीब व जरूरतमंद की सहायता करके सराहनीय कार्य किया है।



गन्नौर। विद्यार्थी एकलव्य जैन को जेई एडवांस में उपलब्धि के लिए प्रसिद्ध शिक्षा संस्थान फिटजी सम्मानित करते हुए।

### एकलव्य जैन ने दिया प्रतिभा का परिचय

**गन्नौर।** प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी एकलव्य जैन ने एक बार फिर से अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। सत्र 2023-2024 में एकलव्य जैन ने प्रयास इंटरनैशनल स्कूल नॉनमेडिकल स्ट्रीम में टॉप किया था। तत्पश्चात जे ई एडवांस में उपलब्धि के लिए प्रसिद्ध शिक्षा संस्थान फिटजी के द्वारा 100000 रुपए की धनराशि के द्वारा सम्मानित किया गया। फिटजी शिक्षा संस्थान के द्वारा एकलव्य जैन एवं उसके परिवार के सदस्यों का भी सम्मान किया गया। स्कूल के निदेशक डॉ. संजय जैन, अमित बत्रा, स्कूल निदेशिका डा. सुनीरा जैन, रुचिका बत्रा, प्रधानाचार्य सुरेंद्र छाबड़ा, उप प्रधानाचार्या दीपमाला व्यास ने एकलव्य जैन को उसके अग्रिम जीवन के लिए शुभकामनाए दी। स्कूल के निदेशक डॉ. संजय जैन, अमित बत्रा ने कहा कि हमें आशा ही नहीं विश्वास है कि आने वाले समय में भी प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के छात्र इसी प्रकार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते रहेंगे।

# छबील व भंडारे लगाकर लोग करते हैं पुण्य की कामना : जयभगवान आंतिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



राई। आंतिल बाराह खाप के प्रधान एंव कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ग्रामीणों को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

ज्येष्ठ माह के चलते इन दिनों जगह-जगह पर छबील व भंडारों का आयोजन किया जा रहा है। राई क्षेत्र के सेवली गांव में किए गए भंडारे में शामिल हुए आंतिल बाराह खाप के प्रधान एंव कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने से पुण्य मिलता है। ऐसे में भंडारे में जाने से दूरी नहीं बल्कि उसमें बढ़ चढकर सहयोग भी करना चाहिए। कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि ज्येष्ठ माह हिन्दू पंचाग के अनुसार हिन्दू वर्ष का तीसरा माह है। ज्येष्ठ माह को सबसे गर्म माह की श्रेणी में रखा जाता है। इसी माह में सबसे अधिक ऐसी वस्तुओं के दान की बात कही जाती है। छाता, पंखा व पानी आदि वस्तुओं का लोग दान करते हैं। उन्होंने कहा कि ज्येष्ठ माह में छबील व भंडारे लगाकर लोग पुण्य की कामना करते हैं। ऐसे में लोगों को कहीं पर जाते समय मार्ग में भंडार लगा मिलता है तो उसमें जरूर प्रसाद ग्रहण करना चाहिए।



गोहाना। छबील लगाकर पानी पिलाते हुए युवा। फोटो : हरिभूमि

### एनिमल क्युर क्लब ने छबील लगाकर बुझाई प्यास

**गोहाना।** शरीर को झुलसाने वाली तपती गर्मी में एनिमल क्युर क्लब द्वारा छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाई गई। क्लब के सदस्यों ने गोहाना में रोहतक-पानीपत मार्ग स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के साथ मीठे पानी की छबील लगाई। क्लब के सदस्यों ने सडक से गुजरने वाले वाहनों को रूकवा-रूकवा कर यात्रियों को पानी पिलाया। क्लब की टीम ने यात्रियों को दूध से बनी मीठी व कच्ची लस्सी पिलाकर गर्मी की तपिश को दूर किया। मुख्यातिथि दादा भाग वाला युवा क्लब के अध्यक्ष प्रवीन दहिया और सरदार वल्लभभाई पटेल क्लब के अध्यक्ष दीपक शर्मा थे। इस सेवा में एनिमल क्युर क्लब के अध्यक्ष उमेश, सदस्य निशांत, विशाल और चेतन सहित अन्य युवाओं ने अपनी सेवाएं दी। युवा समाजसेवियों ने लोगों को पानी पिलाने के साथ-साथ लोगों को अपने घरों के बाहर और छतों पर पंछियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था करने का संदेश भी दिया।

# अग्निशमन अभ्यास में बताया अग्नि से सुरक्षा का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। अग्निशमन अभ्यास में हिस्सा लेते हुए कॉलेज स्टाफ एवं अन्य।

गेटवे इंजीनियरिंग कॉलेज के पर्यावरण ऊर्जा मैनजमेंट सेल ने अग्निशमन अभ्यास का आयोजन किया। इस अभ्यास के प्रमुख आयोजक डॉ. जोगिंदर सिंह रहे, जो अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ हैं। इस अभ्यास के मुख्य उद्देश्यः अग्नि खतरों के प्रति जागरूक करना, प्रतिभागियों एवं कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा उपकरणों के लिए शिक्षा देना, प्रभावी अग्नि निकासी प्रक्रियाओं का प्रदर्शन करना, आग लगने की आपातकालीन स्थिति के दौरान तुरंत एवं प्रभावी ढंग से प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करना था। इस अभ्यास में अग्नि सुरक्षा के महत्व और आग लगने पर सही प्रक्रियाएं अनुसरण करने के बारे में शिक्षा दी। इस मौके पर गेटवे इंजीनियरिंग कॉलेज के महानिदेशक डॉ. (कर्नल) अमिक गर्ग, प्रधानाचार्या डॉ. विनय सिंघल, पर्यावरण ऊर्जा प्रबंधन विभाग के प्रमुख ललित गुरेजा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है आपः शर्मा

■ आम आदमी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित, प्रदेश संगठन मंत्री ने किया नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

आम आदमी पार्टी सोनीपत की जिला कार्यकारिणी ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए एक बैठक का आयोजन किया। जिसका नेतृत्व आम आदमी पार्टी हरियाणा प्रदेश के संगठन मंत्री राजेंद्र शर्मा ने किया। राजेंद्र शर्मा ने बताया कि आम आदमी पार्टी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी हरियाणा में चुनाव लड़ेगी जिसके मध्येनजर 30 जून को सुनीता केजरीवाल पूरे प्रदेश की एक बड़ी रैली को संबोधित करेंगी। चुनावी रणनीति पर चर्चा करते हुए राजेंद्र शर्मा ने बताया कि पार्टी विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी कर चुकी है। इस दौरान आम आदमी पार्टी सोनीपत के लोकसभा अध्यक्ष देवेंद्र गौतम, ग्रामीण जिलाध्यक्ष महेंद्र छिकारा, शिक्षाशैल जिलाध्यक्ष मास्टर सत्यनारायण आंतिल, शहरी जिलाध्यक्ष राजेश सरोहा, लीगल डिस्ट्रक्टि प्रेसिडेंट सुरेश मलिक, महिला प्रदेश सह सचिव सरोज बाला राठी, जिला मीडिया प्रभारी अमरदत भारद्वाज, जिला सेक्रेटरी सुनील दहिया, एससी सेल जिला अध्यक्ष सुनील जाजी, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक चुघ, ब्लॉक अध्यक्ष रतनलाल ठेकेदार, ब्लॉक अध्यक्ष अजय टोंक, विलेज सेक्रेटरी रामवीर ठाकुर, वार्ड अध्यक्ष योगेश पाल, वालंटियर अशोक आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### घर में सो रहे ग्रामीण पर किया हमला

**गोहाना।** गांव खानपुर कलां में अपने घर में अकेले सो एक ग्रामीण पर हमला कर दिया गया। उस पर लोहे की राड से हमला करके सिर को फोड़ दिया गया। उसे नागरिक अस्पताल गोहाना ले जाया गया। सदर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। गांव खानपुर कलां के राजेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार रात को अपने घर पर अकेला सो रहा था। उसी समय गांव का दीपक उसके घर में घुस आया। उसने लोहे की रोड से उसके सिर में हमला कर दिया। जब तक वह संभल पाता तब तक आरोपित उसके घर से भाग गया। वह नागरिक अस्पताल गया, जहां पर चिकित्सक ने उसके सिर में छह टांके लगाए।

**राहत** | जुआ गांव में 100-100 गज के प्लाटों पर कब्जा मिला

# प्लॉटों पर कब्जा कार्रवाई होने से ग्रामीणों में खुशी



स्वागत समारोह के दौरान मौजूद ग्रामीण, जिला पार्षद एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ जिला पार्षद संजय बड़वासनिया व गांव के सरपंच सुरेंद्र का फूल माला डालकर स्वागत किया गया

जुआ गांव में बीपीएल परिवारों को 100-100 गज के प्लाटों पर कब्जा कार्रवाई होने की खुशी में बीपीएल परिवारों ने जिला पार्षद संजय बड़वासनिया व गांव के सरपंच सुरेंद्र का फूल माला डालकर स्वागत किया गया। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने बीपीएल परिवारों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का तुरंत लाभ न मिलने के कारण इन परिवारों को काफी लंबा संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जुआ गांव के बीपीएल परिवारों ने कब्ज कार्रवाई के लिए लगातार 14 वर्षों तक संघर्ष किया लंबे संघर्ष के बाद उन्हें कब्जा मिला है, जो गरीब परिवारों की जीत है। इस अवसर पर गांव के सरपंच सुरेंद्र सीटू नेता आनंद शर्मा, रमेश भोला, रामेश्वर, सचिन, संदीप, मामन, राजवीर, शीला, बबीता, कविता, रामरति मौजूद रहे।

# विधायक इंदुराज ने अनिकेत चहल को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



बरोदा हलके के कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल सोमवार को अपने हलके के गांव रुखी में पहुंचे। उन्होंने नीट-यूजी में 720 में से 697 अंक प्राप्त करने वाले इस गांव के अनिकेत चहल पुत्र तलवीर चहल को आशीर्वाद दिया। इंदुराज नरवाल ने कहा कि अनिकेत चहल की ऑल इंडिया रैंक 2398 रही। इस मेधावी विद्यार्थी ने इसी वर्ष सीबीएसई की कक्षा 12 की परीक्षा राजस्थान के सीकर जिले से 92 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण की। नीट-यूजी की परीक्षा में शानदार रैंक से अनिकेत ने ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को प्रेरित किया है कि वे भी उनकी भांति कड़ी मेहनत करें तो उन्हें भी चिकित्सक बनने का सुअवसर नीट-यू.जी. से मिल सकता है।

**सरपंच ग्राम पंचायत, टेहा**
**खण्ड गन्नौर जिला सोनीपत (हरियाणा)**
**मो. 9991929394**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव टेहा में आबादी के अन्दर पटवार खाना के पास जोहड़ व बड़ा जोहड़ (जोगी वाला) की सफाई व गन्दे पानी की निकासी MUD PUMP द्वारा करवाई जानी है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत सरपंच टेहा को सीधे तौर निविदा प्रस्तुत कर सकती है। इसके लिए 3 दिन का समय है तय समय पश्चात किसी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत टेहा
खण्ड गन्नौर (सोनीपत)

## खबर संक्षेप

### बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

**गन्नौर।** जीटी रोड पर रोशनपुर गांव के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि एक मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गन्नौर के गांव शाहपुर तगा निवासी सतीश की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर के बाहर से कार चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-23 में घर के बाहर से कार के चोरी होने का मामला सामने आया है। सेक्टर-23 निवासी सुमित ने बताया कि उसके पास एक कार है। हर रोज की तरह उसने कार को अपने घर के बाहर खड़ा कर दिया अगले दिन सुबह उठकर देखा तो कार गायब मिली। अपने स्तर पर कार की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। जांच अधिकारी एसआई जसबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द मामले का पटाक्षेप कर दिया जायेगा।

### स्कूटी ने बाइक सवार को टक्कर मारी, मौत

**सोनीपत।** सेक्टर-27 थाना क्षेत्र में बहालगढ़-राठधाना सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने मोटरसाइकिल सवार को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। गांव कबीरपुर निवासी कुलदीप ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। उसका भाई मनोज (46) शादी शुदा है। वह देर शाम करीब 7.30 बजे उसका भाई मनोज अपनी मोटरसाइकिल पर राठधाना गांव की तरफ जा रहा था। उसका भाई हैरो-कलटीवेटर कृषि यंत्र के काम के रुपये लेने के लिए जा रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने उसके भाई की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में उसका भाई घायल हो गया। उपचार के लिए उसके भाई को अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसके भाई की मौत हो गई।

### घर से एक लाख रुपये की नकदी और आभूषण चोरी

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में घर से एक लाख रुपये की नकदी व लाखों रुपये कीमत के आभूषणों के चोरी होने का मामला सामने आया है। हरिद्वार से आने के बाद पीड़ित ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। गांव खेड़ी तगा गन्नौर हाल में सेक्टर-7 निवासी कुलदीप ने बताया कि वह परिवार सहित किराए पर रहता है। गत 12 जून को परिवार के सदस्यों के साथ हरिद्वार गया था। वह 16 जून को उसके पास पड़ोसी का फोन आया कि उनके घर के दरवाजे खुले पड़े है।

# प्रेम विवाह का खौफनाक अंत : आठ साल बाद पत्नी की गला घोंटकर हत्या

**आरोपी फरार, पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच की शुरू**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सदर थाना क्षेत्र के गांव बैंयापुर खुर्द में प्रेम विवाह के आठ साल बाद युवक ने कहासुनी के बाद अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या करने की वारदात सामने आई है। आरोपित वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। परिजनों ने मामले से आरोपित के ममेरे भाई को अवगत कराया। ममेरे भाई ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवाया। अस्पताल में फोरेंसिक चिकित्सक के न होने के चलते महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया। जहां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर देर शाम परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

गांव मल्हा माजरा निवासी नंबरदार राजेश ने बताया कि उनकी बुआ कमला गांव बैंयापुर खुर्द में विवाहित है। उनके फुफेरे भाई रवि ने वर्ष 2016 में महमूद गांव की मोनिका से घर से भागकर प्रेम विवाह किया था। रवि की बहन महमूदपुर में विवाहित है। जहां पर मोनिका व रवि की जान पहचान हो गई थी। दोनों ने परिवार की मर्जी के खिलाफ जाकर प्रेम विवाह किया था। जिसके बाद दोनों गांव से बाहर ही रहे। वह करीब सात साल से हिसार में किराये पर रह रहे थे। रवि व मोनिका के पास दो बेटे हैं। रवि 15 दिन पहले ही मोनिका व दोनों बच्चों को साथ लेकर अपने घर आ गया था। राजेश ने बताया कि रविवार को उनके फूफा प्रेम ने कॉल कर बताया कि रवि व उसकी पत्नी मोनिका का आपस में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। जिसमें रवि ने आवेश में आकर अपनी पत्नी मोनिका की गला दबाकर हत्या कर दी है। राजेश बताया कि मामले का पता लगते ही वह अपने चचेरे भाई धर्मवीर व गांव के राजेंद्र को साथ लेकर गांव बैंयापुर खुर्द पहुंचे। घर के अंदर मोनिका मृत अवस्था में बेड पर पड़ी थी। जिस पर उन्होंने मामले से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया। जहां से सोमवार को शव को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के लिए खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर, मोनिका के भाई सोमबीर को पुलिस ने बुलाया तो उन्होंने आने से मना कर दिया। उनका कहना था कि बहन ने प्रेम विवाह कर समाज में उनकी नाक कटवा दी थी।

## 15 दिन पहले आए थे गांव, रात को दोनों में हुआ था झगड़ा

राजेश नंबरदार ने बताया कि रवि अब 15 दिन पहले अपनी पत्नी मोनिका व दोनों बच्चों के साथ अपने गांव बैंयापुर खुर्द में रहने आया था। दोनों में अक्सर कलह रहता था। उनका रविवार को भी झगड़ा हुआ था। जिसमें उसने मोनिका की गला दबाकर हत्या कर दी। उनके फूफा प्रेम ने कॉल कर उन्हें जानकारी दी थी। झगड़े के कारणों का पता आरोपित की गिरफ्तारी के बाद लग सकेगा।



सोनीपत। परिजनों के बयान दर्ज करते पुलिस कर्मचारी।

**ऐसे परवान चढ़ी लव स्टोरी**

- 8 साल पहले हादसे में घायल होने के बाद रवि बहन के घर गया था, वहीं पर हुई थी मोनिका के साथ जान-पहचान
- दोनों की दोस्ती, धीरे-धीरे प्यार में बदल गई और प्रेम कहानी ऐसी परवान चढ़ी की दोनों ने घर वालों की मर्जी के बिना प्रेम विवाह कर लिया

### घरेलू कलह के बाद मार डाला

बैंयापुर खुर्द गांव में महिला की गला दबाकर हत्या करने की सूचना मिली थी। हत्या का आरोप उसके पति पर लगा है। वारदात के बाद से आरोपित फरार है। आरोपित व महिला ने आठ साल पहले प्रेम विवाह किया था। परिजन घरेलू कलह हत्या का कारण बता रहे है। महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है। हत्यारोपित की तलाश के लिए पुलिस टीमें लगी हुई है। गिरफ्तारी के बाद हत्या के सही कारणों का पता चल सकेगा। **-मनोज कुमार, एसआई**, जांच अधिकारी, सदर थाना

## फिल्म स्क्रिप्ट से कम नहीं थी रवि और मोनिका की प्रेम कहानी

**सोनीपत।** गांव बैंयापुर खुर्द निवासी रवि और महमूदपुर की मोनिका की कहानी किसी फिल्म स्क्रप्टि से कम नहीं है। घायल रवि अपनी बहन के घर गया था, जहां पर पड़ोस में मोनिका के साथ जान-पहचान हो गई। जान-पहचान पहले दोस्ती तो फिर प्रेम में ऐसी बदली कि दोनों ने अपने घर वालों की मर्जी के बिना प्रेम विवाह कर लिया। हादसे में घायल होने के बाद करीब आठ साल पहले रवि अपनी बहन के घर महमूदपुर गया था। वहीं पर दोनों की प्रेम कहानी परवान चढ़ी। किसी को नहीं लगता था कि प्रेम कहानी की परिचति इनकी घातक होगी। गांव बैंयापुर खुर्द निवासी रवि की बहन गांव महमूदपुर में शादीशुदा है। बताया जा रहा है कि करीब आठ साल पहले हुए हादसे में परिवार का इकलौता बेटा रवि घायल हो गया था। जिस पर परिवार ने उसे देखभाल के लिए उनकी बहन के घर महमूदपुर भेज दिया था। बहन मेहनत कर परिवार का गुजर बसर करती थी। घायल भाई घर आकर रहने लगा बहन मजदूरी को जाती तो पड़ोस में रहने वाली मोनिका को तीमारदारी की जिम्मेदारी देकर जाती थी। यहीं से दोनों में दोस्ती हुई और नजदीकी बढ़ने लगी।

दोस्ती कब प्यार में बदली परिवार के किसी सदस्य को पता नहीं लगा। दोनों ने घर से भागकर परिवार की मर्जी के खिलाफ प्रेम विवाह कर लिया था। सात साल हिसार में रहकर 15 दिन पहले ही घर आए थे। इकलौता बेटा होने के कारण परिवार ने दंपती के साथ दोनों बच्चों को भी आश्रय दे दिया था।

### बड़ा बेटा पांच साल का और छोटा आठ माह का

प्रेम विवाह करने के बाद हिसार में रहते हुए मोनिका को रवि से दो बेटे हुए। जिसमें बड़ा बेटा पांच साल व छोटा आठ माह का है। मां की हत्या से अब उनके सिर से मां का साया सदा के लिए उठ गया है। वहीं हत्या का आरोप पिता पर ही है। ऐसे में पिता का सानिध्य भी कम ही मिल सकेगा। ऐसे में उनके लालन-पालन की जिम्मेदारी रवि के 75 साल के बुजुर्ग माता-पिता पर आ गई है। दंपती के बुढ़े कंधे ही अब उनकी जिम्मेदारी निभाएंगे।

### भाई ने किया आने से मना

पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जब मोनिका के मायके महमूदपुर निवासी सोमबीर को कॉल कर उनकी बहन की हत्या की सूचना दी गई। बार-बार कॉल करने के बाद भी उन्होंने आने से मना कर दिया। सोमबीर ने कहा कि उनकी बहन ने प्रेम विवाह किया था। उनकी समाज में नाक कटवा दी थी। हम नहीं आएंगे, हमारा मोनिका से कोई लेना-देना नहीं है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया है।

# ताऊ व ताई पर दो मासूम बहनों को यातना देने का लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत/खरखौदा

गांव प्रहलादपुर किडौली में दो मासूम बहनों को यातना दिए जाने का मामला सामने आया है। यातना देने का आरोप उनके ताऊ और ताई पर लगा है। आरोप है कि बच्चियों के पिता की मौत हो गई थी। जिस पर मां दूसरी शादी कर चली गई। बच्चियों का लालन-पालन करने वाली दादी ने दम तोड़ा तो दोनों मासूमों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी ताऊ-ताई पर आ गई थी। पुलिस ने दोनों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव पहलादपुर किडौली निवासी जयभगवान ने पुलिस को बताया कि छह व पांच साल की दो बहनों को उनके ताऊ हितेश और ताई प्रताड़ित कर रहे हैं। आरोप है कि आरोपित बच्चियों के घर पर ना केवल कब्जा कर लिया है बल्कि उन के घर के अंदर रखे सामान को भी बेचना शुरू कर दिया है। दोनों मासूमों का मेडिकल करवाए जाने पर एक को दो चोट व दूसरी को तीन चोट लगी मिली हैं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड, मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## दोनों के शरीर पर चोट के निशान

### पिता की मौत, मां ने कर ली दूसरी शादी

दोनों बच्चियों के पिता राहुल की करीब दो वर्ष पहले सडक हादसे में मौत हो गई थी। जिसके बाद उनकी पत्नी ने दूसरी शादी कर ली। ऐसे में राहुल की दोनों बेटियों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी उनकी बुजुर्ग दादी पर आ गई। लेकिन 12 अप्रैल को दादी कांता भी हृदय गति रुकने से देहांत हो गया। जिसके बाद दोनों के पालन पोषण की जिम्मेदारी ताऊ और ताई पर आ गई। वह दोनों बच्चियों को प्रताड़ित कर रहे हैं। आरोप है कि दोनों बच्चियों को पीटने के साथ घर के अंदर बंद करके भी रखा जाता है।

### मकान पर कब्जा करने की कोशिश

जयभगवान का आरोप है कि दंपती बच्चियों के नाम संपति को हड़पना चाहते हैं। जिसके चलते उन्होंने बच्चियों के मकान पर भी कब्जा करने के साथ ही वहां पर पशुओं को बांधना शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं घर के अंदर रखे सामान को भी वह बेच रहे हैं। वहीं वह इन्हें मारकर सारी संपति को हड़पना चाहते हैं।

### आरोपी दंपती पर केस दर्ज

शिकायत मिलने के बाद आरोपी दंपती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दोनों बच्चियों को फिलहाल उनके पिता की बुआ अपने साथ लेकर गई है। मामले में जांच की जा रही है।
**-वेदपाल**, जांच अधिकारी, थाना खरखौदा

# बिधलान में हत्या मामले का महिला आयोग ने लिया संज्ञान, जांच के लिए पहुंचीं वाइस चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

थाना क्षेत्र खरखौदा के गांव बिधलान में 14 जून को जमीनी मामले को लेकर हुई 60 वर्षीय महिला की हत्या का संज्ञान लेते हुए राज्य महिला आयोग की वाईस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल पुलिस थाना पहुंची। इस दौरान उन्होंने महिला की हत्या को लेकर दर्ज हुई एफआईआर की गहनता से जांच की। इस बीच थाना एसएचओ अंकित कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा इस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया और दो अन्य को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस दौरान पुलिस क्राईम एसीपी विरेन्द्र भी मौजूद रहे। वाईस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल ने थाना प्रबंधक को दिशा-निर्देश दिए कि इस हत्या मामले में पुलिस गिरफ्त से बाहर दो आरोपियों को जल्द पकड़ा जाए और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जाए, ताकि कोर्ट में मृतक महिला को न्याय दिलवाया जा सके। जांच में यह उजागर हुआ है कि हत्या के मामले में जिस मोहित नाम के लड़के का नाम आया है, उस पर पहले भी धारा-307 के मामले सहित चार मामले चले हुए हैं और वह कोर्ट से जमानत पर बाहर आया हुआ है।



खरखौदा। मामले की जानकारी लेतीं सोनिया अग्रवाल।

# रेलवे का नोटिस मिलने से ज्ञान नगर वासियों में हड़कंप



लोगों से जानकारी लेते राजीव जैन

**सोनीपत।** रेलवे प्रशासन द्वारा ज्ञान नगर वासियों को रेलवे लाइन की तरफ दरवाजे, खिड़की तथा अवैध कब्जे 18 जून तक हटाने के लिए दिए गए नोटिसों से नागरिकों में हड़कंप मचा हुआ है, कालोनीवासियों ने रेलवे प्रसाशन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिला उपायुक्त को ज्ञापन देने का निर्णय लिया है। गौरतलब हो कि दिल्ली अम्बाला सेक्शन पर हाई स्पीड ट्रैन चलने के निर्णय के कारण रेलवे लाइन की दोनों तरफ दीवार खड़ी की जा रही है ताकि अनाधिकृत रूप से कोई भी रेलवे लाइन पार ना कर सके। रेलवे प्रसाशन कई वर्षों से दीवार खड़ी करने का प्रयास कर रहा है परन्तु नागरिकों के विरोध के चलते दीवार नहीं बनाई जा रही है। मौके पर पंहुचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन को कॉलोनी वासियों ने बताया कि दीवार खड़ी होने से वे सब घरों में कैद होकर रह जायेंगे या फिर घर खाली करने पड़ेंगे। कॉलोनी वासियों कि मांग है कि सुंदर सांवरी में सिथित घरों को भी रेलवे ने छह फुट का रास्ता देने का निर्णय लिया है, इसी तर्ज पर हमें भी छूट दी जाये।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
हरिभूमि
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 से.मी<br>10X 8 से.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# खेवड़ा की बेटी शिखा का एचसीएस में 17वां रैंक, भाई उत्तर प्रदेश में आईपीएस अधिकारी

## किसान परिवार के होनहार : शिखा बोलीं आईएएस बनकर करनी है देशसेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

गांव खेवड़ा निवासी शिखा आंतिल ने हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) की परीक्षा में सफलता हासिल की है। यूपीएससी की तैयारियों में जुटी शिखा ने अपने पहले ही प्रयास में 17वां रैंक हासिल कर लिया है। शिखा की इस सफलता से परिजनों में खुशी का माहौल है। किसान पिता ईश्वर सिंह को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। पिता ईश्वर सिंह ने बताया कि उनकी बेटी शिखा बचपन से ही पढ़ाई में होशियार है। वह जिस चीज की जिद ठान लेती है, उसे पूरा करती है। महज तीन साल की उम्र में बड़ी बहन हिमानी को बस में स्कूल जाता देख स्कूल जाने की जिद की थी। उसकी इस जिद ने ही उसे हमेशा शिखर पर रखा। शिखा ने वर्ष 2019 में अपनी 12वीं कक्षा की पढ़ाई एक निजी स्कूल से की थी। उसके बाद साल 2022 में स्नातक तक की पढ़ाई दिल्ली के किरोड़ीमल कॉलेज से पूरी की। अब दिल्ली विश्वविद्यालय से एमएससी की पढ़ाई कर रही हैं। बिना कोचिंग के एचसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली शिखा आंतिल ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार को दिया है।



सोनीपत। बेटी की सफलता पर खुशी मनाता परिवार।

### भाई से मिली प्रेरणा

शिखा आंतिल ने बताया कि उनके प्रेरणा स्रोत उनके भाई सतपाल आंतिल रहे हैं। आईपीएस सतपाल आंतिल वर्तमान में उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में बतौर पुलिस अधीक्षक सेवाएं दे रहे हैं।

### चाचा ने किया मार्गदर्शन

उनके चाचा विकास आंतिल ने हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। वह गुरू के रूप में हमेशा मार्गदर्शन करते रहे। शिखा कहती हैं कि चाचा विकास ने उपलब्धि पर उसे चॉकलेट, टॉफी नहीं बल्कि हाथों में किताब थमाई। किताबों के प्रति लगाव ने ही उन्हें आज इस कामयाबी के पायदान पर खड़ा किया है।

### मां व बहन के कहने पर दी थी परीक्षा

शिखा बताती हैं कि उनका सपना आईएएस बनना है। इसके लिए वह मेहनत भी कर रही हैं। यूपीएससी की तैयारी के दौरान ही एचसीएस की वैकेंसी निकली। मां व बहन ने पेपर देने को कहा। उनके कहने पर एचसीएस की परीक्षा दी और पहले ही प्रयास में 17वां रैंक हासिल किया। हालांकि एचसीएस के लिए फिजिकल मेजरमेंट होने के कारण 07 जून को एमएससी केमिस्ट्री इन ऑर्गेनिक की परीक्षा देने से वंचित रहना पड़ा।

# खेल स्कूल में वेब सीरीज शूटिंग विवाद में सरकार अलर्ट कुलपति को बनाया प्रशासक

- जांच पूरी होने तक कर्नल अशोक मोर से प्राचार्य एवं निदेशक का पद वापस लिया

**राई।** मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय, राई में वेब सीरीज शूटिंग विवाद के बाद सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। मामले को लेकर सरकार ने निर्णय लिया है कि अब मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय को हरियाणा खेलकूद विश्वविद्यालय के प्रशासनिक नियंत्रण में रखा जाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय के कुलपति एवं उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी अशोक कुमार को खेलकूद विद्यालय के समग्र प्रशासनिक नियंत्रक भी बनाए गए हैं। जिसको लेकर विभाग की तरफ से पत्र जारी किया है। जिसमें कुलपति को सभी प्रशासनिक मामलों व स्कूल प्राचार्य की रिपोर्टिंग एवं नियंत्रण अधिकारी बनाया गया है। मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय विभिन्न मुद्दों को लेकर लंबे समय से चर्चाओं में है। विभाग के निदेशक ने 14 जून को विभाग के निदेशक की तरफ से जारी नए निर्देशों में मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय पर हरियाणा खेलकूद विश्वविद्यालय के प्रशासनिक नियंत्रण के दायरे को स्पष्ट करने के लिए निर्देश जारी करने का निर्णय लिया है। सरकार की तरफ से जारी आदेशों में कहा गया है कि कुलपति के पास खेलकूद विद्यालय के प्राचार्य की सभी छुट्टियों व दौरा कार्यक्रम को अनुमति देने व प्राचार्य की एसीआर दर्ज करने का अधिकार होगा।खेल विभाग ने खेलकूद विद्यालय में चल रहे मामलों की जांच पूरी होने तक कर्नल अशोक मोर से प्राचार्य एवं निदेशक का पद वापस ले लिया है। उप प्राचार्य मौसमी घोषाल को कार्यकारी प्राचार्य एवं निदेशक का पदभार सौंपा है।